भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 113**
उत्तर देने की तारीख 25.11.2024

**संग्रहालय अनुदान योजना**

**113. श्रीमती दग्गुबाती पुरंदेश्वरी :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संग्रहालय अनुदान योजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं तथा आंध्र प्रदेश राज्य में पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत, आबंटित तथा उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान संग्रहालय अनुदान योजना के अंतर्गत आबंटन का कम उपयोग हुआ है तथा यदि हां, तो सरकार द्वारा उपरोक्त कम उपयोग को दूर करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/प्रस्तावित हैं;

(ग) उपर्युक्त अवधि के दौरान इस योजना के अंतर्गत पुनर्निर्मित/अनुरक्षित संग्रहालयों की संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार राजमुंदरी संसदीय क्षेत्र में कुछ नए संग्रहालय खोलने का विचार कर रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसे प्रस्तावों पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ड.) पिछले तीन वर्षों के दौरान संग्रहालय अनुदान योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित नए संग्रहालयों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) : संग्रहालय अनुदान स्कीम की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

1. केन्द्रीय/राज्य सरकारों, सोसाइटियों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत न्यासों, को क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तर पर नए संग्रहालयों की स्थापना/मौजूदा संग्रहालयों के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना

2. संग्रहालय अनुदान स्कीम में तीन घटक शामिल हैं जो निम्नानुसार हैं:-

(क) केन्द्र, राज्य और जिला स्तर पर नए संग्रहालयों का विकास और स्थापना, मौजूदा संग्रहालयों का स्तरोन्नयन और आधुनिकीकरण

I. **श्रेणी 1:** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के स्वामित्व वाले संग्रहालयों सहित राज्य की राजधानियों में केन्द्र या राज्य सरकार के स्वामित्व वाले संग्रहालय

II. **श्रेणी II :** सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के संग्रहालयों सहित केन्द्र या राज्य सरकार के स्वामित्व वाले संग्रहालय

III. **श्रेणी III :** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संग्रहालयों सहित सभी अन्य संग्रहालय

(ख) संग्रहालय के संग्रहों का डिजिटलीकरण

I. **श्रेणी 1:** सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के संग्रहालयों सहित सरकार के स्वामित्व वाले राज्य/राजधानी स्तरीय संग्रहालय

II. **श्रेणी II :** अन्य सभी संग्रहालय

(ग) संग्रहालय पेशेवरों का क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण

I. **श्रेणी 1:** केन्द्रीय और राज्य सरकार के तहत सभी संग्रहालय

II. **श्रेणी II :** सभी अन्य संग्रहालय

3 संग्रहालय अनुदान स्कीम के तहत घटक-वार निधियन का प्रतिमान निम्नानुसार है :-

घटक (क)

| उद्देश्य | वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि (**करोड़ रुपये में**) |
|---|---|
| **श्रेणी** I | 15 |
| **श्रेणी** II | |
| नए संग्रहालयों की स्थापना | 10 |
| मौजूदा संग्रहालयों का विकास | 8 |
| **श्रेणी** III | |
| नए संग्रहालयों की स्थापना | 5 |
| मौजूदा संग्रहालयों का विकास | 4 |

घटक (ख)

| वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि (**लाख रू. में**) | |
|---|---|
| **श्रेणी I**- सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संग्रहालयों सहित सरकार के स्वामित्व वाले राज्य/राजधानी स्तरीय संग्रहालय | 50.00 |
| **श्रेणी II:** सभी अन्य संग्रहालय | 25.00 |

घटक (ग)

| वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि (**लाख रू. में**) | |
|---|---|
| **श्रेणी I:** केन्द्रीय और राज्य सरकार के तहत सभी संग्रहालय | 30.00 |
| **श्रेणी II:** अन्य सभी संग्रहालय | 25.00 |

4. संग्रहालय अनुदान स्कीम सभी राज्यों में लागू है, और वर्ष भर उपलब्ध है।

संग्रहालय अनुदान स्कीम के तहत संग्रहालयों की स्थापना/विकास के लिए विभिन्न संगठनों/संस्थानों को विगत तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान जारी की गई निधियों/अनुदानों का विवरण **अनुलग्नक-I** पर है।

(ख): संग्रहालय अनुदान स्कीम के तहत, क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तर पर नए/मौजूदा संग्रहालयों की स्थापना/विकास के लिए केन्द्रीय/राज्य सरकार के स्वामित्व वाले संग्रहालयों, सोसाइटयों के स्वामित्व वाले संग्रहालयों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों, शैक्षिक संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत न्यासों को निधियां प्रदान की जाती हैं।

स्कीम के तहत निधियों के बेहतर उपयोग को सुगम बनाने के लिए संग्रहालय अनुदान स्कीम के दिशानिर्देशों को नवंबर, 2021 में संशोधित किया गया और दो नए घटकों को स्कीम में शामिल किया गया है यथा आभासीय अनुभवजन्य संग्रहालय (वीईएम) और राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाएं। इसके अलावा, प्रक्रियागत पहलुओं को भी सुव्यवस्थित किया गया है ताक यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस स्कीम के तहत और अधिक संगठन/संस्थाएं अपनी परियोजनाओं के साथ आगे आएं।

(ग): विगत तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में संग्रहालय अनुदान स्कीम के तहत 16 संग्रहालयों का नवीकरण/रखरखाव किया गया है। संग्रहालयों का विवरण **अनुलग्नक-II** पर दिया गया है।

(घ): विगत तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान नए संग्रहालय स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से राजमुंदरी संसदीय क्षेत्र में नए संग्रहालय खोलने के लिए मंत्रालय में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ड.): मंत्रालय में आंध्र प्रदेश सरकार से नए संग्रहालय स्थापित करने हेतु एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। संग्रहालय का विवरण **अनुलग्नक-III** पर संलग्न है।

****

**अनुलग्नक-I**

**संग्रहालय अनुदान योजना के संबंध में दिनांक 25 नवम्बर, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 113 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**विगत तीन वर्षों एवं वर्तमान वर्ष के दौरान संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत नए संग्रहालयों की स्थापना/मौजूदा संग्रहालयों के विकास के लिए जारी की गई निधि का वर्ष-वार विवरण**

**(लाख रुपये में)**

| क्र. सं. | राज्य | संगठन का नाम | संग्रहालय का प्रकार | परियोजना लागत | संस्वीकृत धनराशि | वित्तीय वर्ष : 2021-22 | वित्तीय वर्ष : 2022-23 | वित्तीय वर्ष : 2023-24 | वित्तीय वर्ष : 2024-25 | उपयोग की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | पद्मश्री कल्लूरी सुब्बा राव मेमोरियल संग्रहालय, (आंध्र प्रदेश सरकार) अनंतपुर शहर एवं जिला आंध्र प्रदेश | मौजूदा संग्रहालय | 715.00 | 572.77 | - | - | 286.00 | - | 572.77 |
| 2 | | आंध्र प्रदेश विज्ञान शहर, आंध्र प्रदेश सरकार कैलासगिरि (डोवरी कोंडा), विशाखापत्तनम में नए संग्रहालय की स्थापना के लिए | नया संग्रहालय | 469.00 | 375.20 | - | 187.60 | - | - | 58.46 |
| 3 | | पुरातत्व और संग्रहालय, आंध्र प्रदेश सरकार, रल्लाबंदी सुब्बा राव पुरातत्व पूर्वी गोदावरी जिले के विकास के लिए | मौजूदा संग्रहालय | 1000.00 | 400.00 | - | 200.00 | - | - | 140.043 |
| **कुल** | | | | **2184.00** | **1347.97** | **-** | **387.60** | **286.00** | **-** | **771.273** |

अनुलग्नक-II

**संग्रहालय अनुदान योजना के संबंध में दिनांक 25 नवम्बर, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 113 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**विगत तीन वर्षों एवं वर्तमान वर्ष के दौरान संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत मौजूदा संग्रहालयों के विकास के लिए जारी की गई निधि का वर्ष-वार विवरण**

(लाख रुपये में)

| क्र. सं. | राज्य | संगठन का नाम | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष: 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार को रल्लबंडी सुब्बाराव पुरातत्व संग्रहालय, इलुरु, पश्चिम गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश के विकास के लिए | - | 200.00 | - | - |
| 2. | | पद्मश्री कल्लूरी सुब्बा राव मेमोरियल संग्रहालय, (आंध्र प्रदेश सरकार) अनंतपुर शहर एवं जिला आंध्र प्रदेश | - | - | 286.00 | - |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | सांस्कृतिक कार्य विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार | - | - | 360.00 | - |
| 4. | हिमाचल प्रदेश | भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के बैंटनी कैसल, शिमला, हिमाचल प्रदेश के डिजिटलीकरण, डिजाइन, संशोधन, विकास के लिए पहली किस्त | - | 333.87 | - | - |
| 5. | हरियाणा | एनएसजी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एनडब्लूवाईए), मानेसर, गुड़गांव | 27.734 | - | - | - |
| 6. | मध्य प्रदेश | गुजरी महल संग्रहालय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश (मध्य प्रदेश सरकार) | 78.00 | - | - | - |
| 7. | | मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, मध्य प्रदेश मोती महल सिटी पैलेस के आधुनिकीकरण/विकास के लिए, | - | - | 750.00 | - |
| 8. | | हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश | - | - | 250.00 | - |
| 9. | महाराष्ट्र | फंड्स एंड प्रोपर्टीज ऑफ द पारसी पंचायत बॉम्बे, ऑफ फ्रामजी दादाभाई अल्पीवाला संग्रहालय, डॉ. दादाभाई नौरोजी रोड, फोर्ट, मुम्बई | 35.52 | - | 64.48 | - |
| 10. | | एफ्रो एशियन सांस्कृतिक संग्रहालय, पुणे के विकास हेतु सिमबायोसिस सोसाइटी | - | 17.807 | 8.90 | - |
| 11. | राजस्थान | महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय, | - | - | 200.00 | - |

| क्र. सं. | राज्य | संगठन का नाम | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष: 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सिटी पैलेस, जयपुर राजस्थान | | | | |
| 12. | तमिलनाडु | मद्रास उच्च न्यायालय, जॉर्ज टाउन, चेन्नई | 19.00 | - | - | - |
| 13. | उत्तर प्रदेश | इलाहाबाद उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश | - | - | 10.488 | - |
| 14. | | वृन्दावन अनुसंधान संस्थान. रमण रेती मार्ग, वृन्दावन, मथुरा, उत्तर प्रदेश को वीआरआई ब्रज संस्कृति संग्रहालय में 6 नई दीर्घाओं के निर्माण के लिए | - | - | 170.52 | - |
| 15. | उत्तराखंड | वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून, उत्तराखंड | 39.665 | - | - | - |
| 16. | दिल्ली | इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस, ईस्ट ऑफ कैलाश (इस्कॉन), नई दिल्ली | - | 200.00 | - | - |
| **कुल** | | | **119.919** | **751.677** | **2100.38** | **-** |

**अनुलग्नक-III**

**संग्रहालय अनुदान योजना के संबंध में दिनांक 25 नवम्बर, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 113 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**विगत तीन वर्षों एवं वर्तमान वर्ष के दौरान संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत जारी की गई निधि का वर्ष-वार विवरण**

(लाख रुपये में)

| क्र. सं. | राज्य | संगठन का नाम | संग्रहालय का प्रकार | वित्तीय वर्ष : 2019-20 | वित्तीय वर्ष : 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष : 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश विज्ञान शहर, आंध्र प्रदेश सरकार को कैलासगिरी (डोवारी कोंडा), विशाखापत्तनम में नए संग्रहालय की स्थापना के लिए। | नया संग्रहालय | - | - | - | 187.60 | - |

****